मेरे रमण बिहारी लाल तिहारी सूरत पे बलिहार

मेरे रमण बिहारी लाल, तिहारी सूरत पे बलिहार,
तेरा सुंदर रूप सलौना, चितवन में जादू टोना,
तूँ है जादूगर सरदार, तिहारी सूरत पे बलिहार॥

अधरो में मुस्कान भरी, नैनों में मस्ती छाई,
सुंदरता के सागर हो तुम, चाँद तेरी परछाई,
तुम हो खुशियाँ भरा खजाना, बस हो जाये दीवाना,
तुम्हें देखे जो एक बार, तिहारी सूरत पे बलिहार,
मेरें रमण बिहारी लाल, तिहारी सूरत पे बलिहार॥

अद्भुद दिव्य श्रृंगार तेरा, नव यौवन श्याम कलेवर,
श्री राधा संग नित्य विराजो, कालिंदी के तट पर,
है ये अभिलाषा मन में, बस जाओ इन नैनन में,
करदो इतना उपकार, तिहारी सूरत पे बलिहार,
मेरें रमण बिहारी लाल, तिहारी सूरत पे बलिहार॥

तुम संग मेरे नैन लड़े, कोई और ना मन को भाएं,
मेरे मन की वीना प्यारे, गीत तेरे ही गाएं,
फिर क्यों शरमाऊ मैं जग से, कहूं भुजा उठाकर सबसे,
मेरा रमण बिहारी यार, तिहारी सूरत पे बलिहार,
मेरें रमण बिहारी लाल, तिहारी सूरत पे बलिहार॥

तेरा सुंदर रूप सलोना, चितवन में जादू टोना,
तू है जादूगर सरदार, तिहारी सूरत पे बलिहार......

जय राधा रमन, जय राधा रमन, जय राधा रमन..........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24375/title/mere-raman-bihari-laal-tihari-surat-pe-balihar--other-version-

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |